RNI-UPHIN/2023/85053

दैनिक
# यूनिक समय
प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
मथुरा से प्रकाशित
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
होली की शुभकामनाएं
Sweety Supari INDIA's FAVOURITE Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-1 | अंक-394 | मथुरा, रविवार, 24 मार्च 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay








bijan@9891989155

**Shri Girraj Supari Traders LLP**

Masani Delhi Bypass Link Road Mathura-281001 (U.P.) India www.mrgroup.co.in

info@mrgroup.co.in www.facebook.com/sweetybymrgroup instagram.com/sweetybymrgroup

RNI-UPHIN/2023/85053



दैनिक
# यूनिक समय
प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
मथुरा से प्रकाशित
होली की शुभकामनाएं
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Sweety Supari INDIA's FAVOURITE Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-1 | अंक-394 | मथुरा, रविवार, 24 मार्च 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### होली मिलन के नाम पर परोसी गई अश्लीलता

# रशियन बालाओं के अश्लील डांस का वीडियो हुआ वायरल



### पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कराई रिपोर्ट

### संतों में इस बात को लेकर फैल रहा है आक्रोश

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की नगरी में होली मिलन के नाम पर एक नामचीन हाउसिंग ग्रुप के होली मिलन समारोह में विदेशी बालाओं ने फिल्मी गानों पर अश्लील डांस किया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में नजर आई। पुलिस ने इस मामले में दो नामजदों समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसके साथ ही इस आयोजन को लेकर धार्मिक नगरी के लोगों ने रोष जताया है।

धार्मिक नगरी की हाईटेक हाउसिंग सोसाइटी ओमेक्स इंटरनिटी में गुरुवार को लाड़ली हाउसिंग ग्रुप द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम बिल्डरों के अलावा प्रॉपर्टी ब्रोकर और सफेदपोश लोगों को आमंत्रित किया गया था। होली मिलन का सुरूर जैसे जैसे बढ़ता गया वैसे ही शराब के साथ शबाब भी परोसा जाने लगा। अमर्यादित कपड़े पहने रशियन डांसरों ने फिल्मी गानों की धुन पर इतने जोरदार ठुमके लगाए कि मौजूद लोग भी थिरकते नजर आए। वायरल वीडियो के आधार पर ओमेक्स सिटी चौकी प्रभारी महिला उपनिरीक्षक कंचन सिंह ने लाड़ली ग्रुप के शुभम चौधरी, रेस्टोरेंट संचालक खगेश शर्मा समेत चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

## संतों ने की औमेक्स सिटी के कार्यक्रम की निंदा



हनुमान टेकरी आश्रम में बैठक करते संत एवं विहिप के पदाधिकारी।

### अश्लीलता का प्रदर्शन कराने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की

**यूनिक समय, वृंदावन ।** वृंदावन-छटीकरा मार्ग स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं वृंदावन के संतों के संयुक्त तत्वावधान में बैठक आश्रम के अधिकारी दशरथ दास महाराज की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संतों ने बीते दिनों छटीकरा मार्ग स्थित ओमेक्स सिटी में होली महोत्सव के नाम पर हुए अश्लीलता भरे कार्यक्रम की निंदा करते हुए शासन-प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने बताया कि जिस तरह से ओमेक्स सिटी में वृंदावन की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य किया गया है। यह बहुत ही निंदनीय है। साधु समाज इस घिनौने कृत्य की घोर निंदा करता है और साथ ही मथुरा प्रशासन से दोषियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग करता है। चतुः संप्रदाय विरक्त वैष्णव परिषद के श्रीमहंत फूलडोल बिहारी दास महाराज ने कहा कि आए दिन वृंदावन की छवि को धूमिल करने वाले लोग कुछ ना कुछ घिनौना कृत्य करते ही रहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

इस मौके पर हनुमान टेकरी आश्रम के महंत शिव बालक दास, माधव दास, महंत यशपाल दास, राजकुमार शर्मा, विनोद राघव, योगेश गौतम, हरिओम शर्मा, उमेश गौतम, राजन चौधरी, लक्ष्मण आदि मौजूद रहे।

## जाम का हाहाकार



वृंदावन में होली के दौरान इस कदर वाहन और लोग फंस गए, जिसके कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रही।

होली की सभी पाठकों, विज्ञापनदातों और शुभचिंतकों को शुभकामनाएं। 25 मार्च 2024 को अवकाश रहेगा। अगला अंक 26 मार्च 2024 को प्रकाशित होगा। –संपादक

जद्दोजहद | बृज में होली मनाने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# वाहनों में सवार होने के लिए मारा-मारी




श्रीजी बाबा आश्रम से वृंदावन के लिए जाती इलेक्ट्रिक बस में सवार होती श्रद्धालुओं की भीड़।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक, समय, मथुरा।** बृज की प्रसिद्ध होली को मनाने के लिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके चलते रोडवेज व निगम की बसों के अलावा सभी वाहनों में सवारियों को लेकर मारा-मारी के हालात रहे।

बृज के वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के अलावा वहां के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी।

यही नहीं गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, गोकुल, महावन और दाऊजी के मंदिरों में होली के मौके पर बाहरी जनपदों से आए श्रद्धालुओं के आवागमन के चलते वाहनों में भीड़ बढ़ गई। भीड़ बढ़ने की एक और वजह यह भी रही कि बाहरी जनपदों और राज्यों में नौकरी करने वाले लोग भी होली की खुशियां मनाने के लिए अपने घरों लौट रहे हैं। इसके चलते लोगों की भीड़ वाहनों में नजर आ रही है। भीड़ के कारण रोजाना शहर से गांव के लिए आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके चलते टेपों और अन्य वाहन भी भरकर चलते नजर आए।


CIMS
सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
(Multi Super Speciality Hospital With 200+ Beds Facility)




अपॉइंटमेंट बुक करें : 9258113570, 9258113571
सिम्स हॉस्पिटल, निकट श्रीराधा वैली, एन.एच.19, मथुरा

## एमआर ग्रुप ने केशवदेव के सानिध्य में मनाया फूलोत्सव

# होली के रसियों की धुनों पर झूमे अतिथि और आयोजक



केशवदेव मंदिर में एमआर ग्रुप द्वारा आयोजित होली उत्सव का आनंद लेते चेयरमैन सुनील अग्रवाल व डायरेक्टर लव अग्रवाल एवं अन्य।



केशवदेव मंदिर में एमआर ग्रुप द्वारा आयोजित होली उत्सव में शामिल जीएलए विवि के सीईओ नीरज अग्रवाल एवं केडी मेडिकल कॉलेज के एमडी मनोज अग्रवाल एवं अन्य।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एमआर ग्रुप द्वारा भगवान केशव देव मंदिर प्रांगण में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। देसी विदेशी फूलों से फुलवारी के मध्य प्रभु केशव देव के दर्शन करके कार्यक्रम में आये अतिथि एवं आयोजक मंत्रमुग्ध हो गए।

एमआर ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल द्वारा प्रारंभ किए गए उत्सव को उनके परिवार के सदस्यों ने परम्परा को जारी रखते हुए फूलोत्सव को धूमधाम से भगवान केशव देव के सानिध्य में मनाया। इस अवसर पर ठाकुर जी को नवीन परिधान पहनाकर रंग-बिरंगे देसी-विदेशी फूल, महकती हुई फुलवारी के दर्शन कराये गए। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका श्रीमती शालिनी शर्मा द्वारा मेरी चुनर पर पड़ गए दाग री जाने ऐसौ चटक रंग डारो, सदा आनंद रहे या ब्रज में, मोहन खेले होली है, गारी ऐसी दई तेरे गोपाल ने बीच दिल में अड़ी की अड़ी रह गई प्रस्तुत करके लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत एमआर ग्रुप के चेयरमैन सुनील कुमार अग्रवाल व डायरेक्टर लव बंसल द्वारा चंदन लगाकर और पटका ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम में जीएलए विवि के सचिव नीरज अग्रवाल, रामलीला सभा के अध्यक्ष जयंती प्रसाद अग्रवाल, मेयर विनोद अग्रवाल, विधानपरिषद सदस्य ठा. ओम प्रकाश सिंह, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, रवि अग्रवाल ब्रजवासी, सुदीप अग्रवाल श्री ग्रुप, राम अग्रवाल श्री ग्रुप, पवन चतुर्वेदी उमा मोटर्स, देवेंद्र प्लंबर, अनूप टेरा, कपिल मुरादाबाद वाले, महेश चंद्र अवेरनी वाले, मनमोहन, अतुल सोरा, राजीव सुपाड़ी, सोनल अग्रवाल, बनवारी लाल, विवेक, दीपक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं का संचालन कन्हैयालाल अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल द्वारा किया गया।

### तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** राया पुलिस ने गांव ककरेटिया की पुलिया के समीप से गांव खप्परपुर निवासी दिगंबर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए है।

### शनि मंदिर पर आयोजित हुई होली

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री सिद्ध शनि मंदिर सेवा न्यास,भरतपुर रोड मुड़ेसी के तत्वावधान में होली का फाग महोत्सव के अंतर्गत फूलों की होली का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पीठाश्वर स्वामी विजया नन्द सरस्वती ने बताया भगवान शनि देव के सानिध्य मे 251 किलो फूलों से होली कान्हा संग होली खेली गई। जिसमें बृज के कलाकरों ने अपनी प्रस्तुति देकर भक्तों को आनंदित कर दिया। हेमंत बृजबिहारी, अचल ,श्याम, आलोक अरोड़ा आदि ने भजनों की प्रस्तुती दी ।देवी श्वेताम्बरा ,दीपक गिरी, सचिन गिरी, नानक गिरी, राकेश अग्रवाल, लेखराज आदि शनि धाम पर आयोजित होली कार्यक्रम में शामिल हुए।




## वृंदावन में सांसद रंगी ठा. राधारमण के रंग में




राधारमण मंदिर में दर्शन के दौरान सांसद हेमामालिनी होली के रंग में रंगी हुई।

संवाददाता

### हेमा मालिनी ने थिरकते हुए भक्तों पर जमकर गुलाल उड़ाया

**यूनिक समय, वृंदावन (मथुरा)।** वृंदावन की अनूठी होली के रसरंग में सांसद हेमा मालिनी भी पूरी तरह सराबोर नजर आयीं। रंग पूर्णिमा के मौके पर प्राचीन श्री राधा रमण मंदिर पहुंची ड्रीम गर्ल ने मस्ती में थिरकते श्रद्धालुओं पर जमकर गुलाल उड़ाया।

कान्हा की नगरी में होली की मस्ती अब अपने पूरे शबाब पर है। मंदिर देवालयों के साथ बाजारों में भी होली की खुमारी छाई हुई है। देश विदेश से आए लाखों श्रद्धालु रंगों के त्योहार में पूरी तरह रंग चुके हैं। मथुरा की सांसद और सिने स्टार हेमा मालिनी भी रसरंग में सराबोर है। रंग पूर्णिमा के मौके पर श्री राधारमण मंदिर के सेवायत आचार्य शरद चंद्र गोस्वामी और आचार्य अभिषेक गोस्वामी के सानिध्य में आयोजित होली महोत्सव में भक्तों के साथ जमकर होली खेली। एक साधारण भक्त की तरह ड्रीम गर्ल ने भजनों की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं पर गुलाल उड़ाकर होली की शुभकामनाएं दी।




## चर्च में ईसाई समुदाय ने मनाया पाम संडे





सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में आयोजित पाम संडे पर यीशु के अनुयाईयों को चर्च के पास्टर रेव्ह श्रीपाल प्रभु का संदेश सुनाते हुए। दूसरे चित्र में प्रार्थना करते प्रभु यीशु के अनुयायी।

वरिष्ठ संवाददाता

### चर्च में कपड़े व खजूर की डालियां सजाई

### अनुयाईयों ने की आराधना और निकाला विजय जुलूस

**यूनिक समय, मथुरा।** सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम शहर में लौटने की घटना को पाम संडे के रूप में उनके अनुयायियों ने मनाया। इस मौके पर ईसाई समुदाय के लोगों ने चर्च के अलावा अपने-अपने घरों को खजूर की डालियों व कपड़े से सजाया।

इस अवसर पर चर्च में आराधना से पूर्व विजय जुलूस निकाला गया जो मिशन टीला से शुरू होकर मिशन कंपाउंड होता हुआ चर्च पर समाप्त हुआ जिसमें यीशु के अनुयायी अपने हाथों में खजूर की डालियां लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

आज प्रातः सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च मथुरा में पास्टर रेव्ह श्रीपाल की अगुवाई में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रभु का संदेश देते हुए अनुयायियों को बताया कि पवित्र शास्त्र बताता है कि जो नम्र व दीन होगा वो पृथ्वी का अधिकारी होगा। जो नम्र तथा दीन होता है, परमेश्वर उसके निकट आता है और ईश्वर के निकट आने से अपवित्रता दूर होती है।

मीडिया कोर्डिनेटर मनीष दयाल ने बताया कि ईसाई समुदाय में इस हफ्ते को पैशन वीक कहा जाता है। पाम संडे के दिन से ईस्टर तक प्रतिदिन सभी गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी। होली मंडे, होली ट्यूसडे, होली वेडनेसडे, गुड फ्राइडे, साइलेंट सैटरडे और फिर इतवार को ईस्टर की विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

रबेका शौ तथा पीपी चंद ने प्रार्थना में अगुवाई की। सुदीप मैसी, प्रिया, ईशी सिंह, इंदू व अलका हैनसन ने विशेष भजन प्रस्तुत किए। ध्वनि संयोजन ले लीडर हिमांशु सिंह ने किया। जैरेश विलियम के निर्देशन में एमवाईएफ के युवाओं ने प्रभु की बहुत सुंदर अराधना स्तुति प्रस्तुत की। अनिल मौरिस, आशु फ्लिंट, अभिषेक, सैमुएल,अमन आदि ने यीशु के अनुयायियों के लिए स्वागत की व्यवस्था की।

प्रार्थना सभा में एन नेथन कोषाध्यक्ष, एम सोलोमन, राकेश मसीह, उषा मसीह, बी लाल, रवनीत, रोशन लाल, इंदू, रीमा, एम होल्कर, सोनिया,गणेश एवं मधु आदि उपस्थित रहे।


रंगों के पावन पर्व
होली
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
NK Group
The only place for your place
www.nkgroup.net.in
Combination of
Luxurious & Spiritual Apartment
in Vrindavan
RUNNING PROJECTS
VRINDAPURAM
(Duplex Villa)
SANSKAR CITY
(Studio, 1 BHK & 2 BHK)
GOWLOK DHAM
(Studio, 1 BHK, 2 BHK & 3 BHK)
PREVIOUS PROJECTS
ASHRAM VIHAR
(Plots Available)
SHRI NIKUNJ
NAV NIKUNJ
KESHAV KUNJ
Note: All projects of NK Group are 'Ready-to-Move'
Regd. Off.: 200/1, Raman Reti, Vrindavan - 281 121
Head Off.: 17, Chaitanya Vihar, Phase-1, Vrindavan - 281 121
Mobile: 9690650650, 7830000740
www.nkgroupsanskarcity.com, www.gowlokdham.com, www.vrindapuram.com

## अबीर गुलार की वर्षा के मध्य निकला चतुर्वेदी समाज का डोला

# होली के रसियों की धुनों पर थिरकते हुए समाज के युवा


माथुर चतुर्वेदी समाज द्वारा विश्राम घाट से निकाले गए होली के डोले में उमड़ा जनसमूह।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** रविवार को होलिकोत्सव के दिन चतुर्वेदी समाज का डोला विभिन्न झांकियों व बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाला गया। रंग बिरंगे गुलाल की वर्षा के मध्य समाज के युवक नाचते हुए चल रहे थे। डोला के रास्ते अबीर गुलाल से अट गए। डोला का स्वागत जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने गुलाल व पुष्प वर्षा करके किया।

द्वारकाधीश मंदिर के नीचे से श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक की महेश पाठक द्वारा शुभारंभ किया। चतुर्वेदी समाज का डोला अपनी पुरानी पहचान और परंपरागत रूप के साथ प्रारंभ हुआ। कानपुर से पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास व गोवर्धन से पधारे गोवर्धन पीठाधीश्वर राम अनुग्रह दास मुख्य डोले पर विराजमान थे। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए सभी तीर्थ यात्री और भक्तगण शामिल हुए। डोले आगे-आगे लगभग 16 से 20 झांकियां चल रहीं थी। इसके आयोजन में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का भी सहयोग रहा।

परिषद के महेश पाठक ने कहा कि यह मेला अपने अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुका है। चतुर्वेद समाज व समस्त मथुरा वासियों से यह कहना


माथुर चतुर्वेदी समाज द्वारा विश्राम घाट से निकाले गए होली के डोले में शामिल परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

चाहता हूं कि वह इस मेले को प्रति वर्ष और अच्छा करने के लिए प्रयास करें। विशेष रूप से ध्यान रखें कि हमारे जनपद की पूरे विश्व में एक ऐसी अच्छी छवि जाए। जिससे कि लोग कहें कि मथुरा के लोग वास्तव में एक धर्म नगरी और प्यार की नगरी में रहते हैं। परिषद के मंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि परिषद की पूरी टीम इसके आयोजन की तैयारी में एक माह से लगी हुई थी। डोला का रास्ते में विभिन्न समाज के लोगों ने अबीर गुलाल व फूल इत्यादि से स्वागत किया गया।

इस डोले की व्यवस्था को परिषद के उपाध्यक्ष संजय कुमार चतुर्वेदी,

### डोला के मार्ग रंग बिरंगे गुलाल से अट गए

सोमनाथ चतुर्वेदी, कमल चतुर्वेदी, नीरज चतुर्वेदी, अमित पाठक, संतोष चतुर्वेदी पार्षद, आशीष चतुर्वेदी, मनोज पाठक, नीरज चतुर्वेदी, रंजीत पाठक, मनोज पाठक, मुकेश स्वामी, प्रवीन चतुर्वेदी ने संभाला। इस अवसर पर आयोजन समिति के संजय अल्पाइन, संतोष पाठक, अमित पाठक, संरक्षक गिरधारी लाल पाठक, नवीन नगर उमाकांत चतुर्वेदी एडवोकेट दिनेश पाठक आदि मौजूद थे।

## मंदिर कोष से ब्रज की 125 बेटियों को मिला 'प्रियाकान्तजु विद्याधन'


प्रियाकान्तजु विद्याधन' प्राप्त करने वाली बेटियों के साथ भगवताचार्य देवकी नंदन ठाकुर। साथ हैं सांसद हेमा मालिनी।

**यूनिक समय, वृन्दावन।** ब्रज की 125 बेटियों को शिक्षा के लिये प्रियाकान्तजु मंदिर कोष से 6.37 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। मंदिर संस्थापक देवकीनंदन महाराज ने 'प्रियाकान्तजु विद्याधन' योजना में चयनित बेटियों को सहयोग राशि प्रदान की। अभिनेत्री एवं मथुरा सांसद हेमा मालिनी ने बेटियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर होने की सीख दी। मंदिर पर कल हाईड्रोलिक पिचकारी से सतरंगी होली खेली जायेगी ।

### प्रत्येक बेटी को मिलेंगे 51-51 हजार रुपये

### बेटियाँ शिक्षा को हथियार बनाकर बने आत्मनिर्भर : हेमा मालिनी

### बेटियाँ देवी स्वरूप, इनकी सेवा सौभाग्य की बात : देवकीनंदन महाराज

छटीकरा मार्ग स्थित ठा. श्री प्रियाकान्तजु मंदिर पर होली महोत्सव में देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराते हुए परोपकार को सबसे बड़ा धर्म बताया। उन्होने कहा कि बेटियाँ देवी स्वरूप हैं, इनकी सेवा का मौका सौभाग्यशालियों को मिलता है। उन्होंने बताया कि इस राशि में से प्रत्येक बेटी को शिक्षा के लिये 5100 रुपये सहयोग राशि मिलेगी ।

आयोजन में शामिल हुई मथुरा सांसद हेमामालिनी ने शिक्षा के लिये मंदिर द्वारा चलायी जा रही योजना को अनूठा बताया। बेटियों को शिक्षा को हथियार बनाकर आत्मनिर्भर होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ ही बच्चों को अपनी किसी एक कला का भी विकास करना चाहिये। उन्होने कहा कि हाउस वाईफ बनना आसान कार्य नहीं है। पूरे घर के कार्य को करने के बाद भी अपने को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास करना चाहिये।

प्रियाकान्तजु मंदिर सचिव विजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 में मंदिर स्थापना से ही ब्रज की बेटियों के लिये यह योजना चलायी जा रही है। कन्या शिक्षा हेतु अब तक 57 लाख से अधिक का सहयोग प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि रविवार को दोपहर 1 बजे के बाद मंदिर परिसर में प्रसिद्ध हाईड्रोलिक होली खेली जायेगी।

## खाटू श्याम की निशान यात्रा में उड़ा अबीर-गुलाल, झूमे श्रद्धालु

**यूनिक समय, कोसीकलां।** श्री खाटूश्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में मां पथवारी देवी मंदिर से खाटूश्याम की निशान यात्रा निकली। यात्रा में शामिल श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए झूमते-गाते चल रहे थे। बाजारों में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा का समापन रामनगर स्थित खाटूश्याम मंदिर पर हुआ। यात्रा में शामिल लोगों को ठंडाई व मिष्ठान भी बांटा गया। यात्रा भरत मिलाप चौक, मैन बाजार, सब्जी मंडी, थाना रोड, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पुराना जीटी रोड, बल्देव गंज होती हुई राम नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान पूरा शहर फाल्गुन महोत्सव के रंग में रंगा दिखाई दिया।


मथुरा जनपद के एकमात्र DM (नेफ्रोलॉजिस्ट) की सेवाएं अब केडी मेडिकल में



Dr. Imran S. Sofi
DM Nephrology SKIMS, Sri Nagar
MD Medicine SKIMS, Sri Nagar
MBBS AMU Aligarh

गुर्दा रोग विभाग (नेफ्रोलॉजी)

- एक्यूट किडनी फेलियर
- क्रोनिक किडनी फेलियर
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- पेशाब में खून आना
- पेशाब में प्रोटीन आना
- पेशाब के रास्ते में जलन होना
- शरीर में सूजन आना
- पेशाब का कम ज्यादा आना
- अत्यधिक बीपी बढ़ना
- बार-बार खून कम होना
- गुर्दे प्रत्यारोपण की सलाह
- डायलिसिस संबंधी समस्त इलाज


ओपीडी फ्री
प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक

24 घण्टे इमरजेंसी सेवायें

24 घंटे डायलिसिस की सुविधा




हेल्थ इंश्योरेन्स से कैशलेस ईलाज की सुविधा
ECHS की सुविधा
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत से ईलाज की सुविधा
भारतीय रेलवे से सम्बद्ध



के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर
अकबरपुर, छाता, मथुरा, हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

# चुनाव सामग्री की बंडलिंग का कार्य शुरू

वरिष्ठ संवाददाता

**राजीव भवन के पुराने सभागार में कर्मचारी बनाने में जुटे हैं**

**पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए दिए जाएंगे सामग्री के बंडल**

**यूनिक समय, मथुरा।** एक ओर ब्रजवासियों में होली की खुमारी छाई हुई है। वहीं दूसरी ओर सरकारी कर्मचारी लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम के लिए आवश्यक चुनाव सामग्री के बंडल तैयार करने में जुट हुए हैं।

जनपद में द्वितीय चरण के लिए 28 मार्च से लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया जिला मुख्यालय पर प्रारंभ होगी। इसके लिए समूचे कलेक्ट्रेट परिसर की बेरीकेटिंग की जा रही है।



राजीव भवन के हॉल में लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के लिए तैयारियों में जुटे विभिन्न विभागों के कर्मचारी।

जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में मथुरा संसदीय सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। वहीं एक अप्रैल से पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण शुरू होगा। इसके लिए चुनाव प्रक्रिया की सामग्री के बंडल राजीव भवन के सभागार में बंडल बनाने का कार्य मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में चल रहा है। ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के प्रयोग हेतु सभी सामग्री उन बंडलों के माध्यम से प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराई जा सके। इस कार्य में अवकाश के दिनों में भी कर्मचारी जुटे हुए थे।

इसके लिए सभी कर्मचारियों की ड्यूटी मुख्य विकास अधिकारी ने लगा दी है। एक-एक आवश्यक सामग्री को चैक करके रखा जा रहा है।

ताकि कोई मतदान अधिकारी यह नहीं कहे उनके बंडल में पर्याप्त सामान नहीं है।

इसी सामग्री का प्रयोग और ईवीएम का प्रशिक्षण मतदान अधिकारियों को दिया जाएगा। ताकि मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम चुनाव आयोग को भेजे जानी वाली सूचनाओं को सही तरीके से भर सकें।

# पुलिस की मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल

**बदमाशों से चोरी की बाइक व ट्रैक्टर हुआ बरामद**


**घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया**

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत पुलिस की नगला नेता रोड पेलखू मोड़ के समीप बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दो बाइक व एक ट्रैक्टर भी इनके पास से बरामद हुआ है। घायल बदमाश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

एसपी सिटी ने बताया कि थाना प्रभारी जैंत अजय वर्मा को वाहन चोरी करने वाले बदमाशों के बारे में सूचना मिली। एसओ ने पुलिस फोर्स को साथ लेकर बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस की नगला नेता के समीप पेलखू मोड़ के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लगी। मौके से पुलिस ने घायल बदमाश और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान उनके कब्जे से देशी तमंचे कारतूसो के अलावा दो बाइक व एक ट्रैक्टर भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार घायल बदमाश मोज कुमार कुंज नगर थाना जैंत का रहने वाला है। दूसरे का नाम देवी सिंह है जो कि गांव कोटा जैंत का रहने वाला है। बरामद ट्रैक्टर थाना जैंत से चुराया गया है। बाइक रामघाट बुलंदशहर से चोरी की गई है। इसके साथ ही एक बाइक बिना नंबर की भी इनके पास से मिली है।



















## होली के रसिया गाते हुए महिलाओं ने किया होलिका पूजन

# होलिका व भक्त प्रहलाद की प्रतिमाएं रहीं आकर्षण का केन्द्र


कृष्णा नगर चौराहे पर होलिका पूजन करती महिलाएं।


होलीगेट पर सजी होली की प्रतिमा।

### सुहागिनों ने बच्चों व परिवार की मंगल कामना की प्रार्थना की

### शहर से लेकर देहात तक रही धूम


सौंख रोड स्थित कृष्ण कुंज पदमपुरी में होलिका प्रतिमा के समक्ष होली के रसिया की धुनों पर नृत्य करती महिलाएं।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** होलिका पूजन के लिए मथुरा–वृंदावन के तिराहे व चौराहे पर भव्यता पूर्वक होली प्रतिमाओं को सजाया गया। दोनों नगरों के चौराहों और तिराहों पर सजी होलिका के पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ देर शाम तक जुटी रही। इस दौरान होली के गीत गाती हुई जगह-जगह महिलाओं के झुंड़ होलिका पूजन के लिए पहुंच रहे थे।

होलिकोत्सव के दिन आज होलिका दहन के लिए नगर के ह्रदय स्थित होलीगेट, जनरल गंज, अंतापाड़ा, कृष्णापुरी तिराहे, सदर बाजार, होलीवाली गली, कुशक गली, बंगाली घाट, आर्यसमाज रोड, सुभाष इंटर कॉलेज, मंडी रामदास, भरतपुरगेट, रंगेश्वर महादेव मंदिर की गली के बाहर, क्वालिटी तिराहे, लक्ष्मीनगर, डेम्पियर नगर में जगह-जगह, ब्रज नगर, सिविल लाइन्स, धौलीप्याऊ, मछली फाटक, रेलवे कॉलोनी, टाउनशिप, मंडी चौराहा, सौंख रोड़, कृष्णानगर, राधानगर, आम्बेडकर कॉलोनी, महोलीरोड, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, महाविद्या कालोनी, जयसिंहपुरा आदि क्षेत्रों में जगह-जगह होलिका पूजन के लिए भक्त प्रहलाद को गोदी में लिए हुए होलिका की प्रतिमाएं सजाईं गईं। नगर के तिराहे चौराहों पर सजी होली की प्रतिमाएं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। इन स्थानों पर पहुंचकर सुहागिन महिलाओं ने होलिका व भक्त प्रहलाद का विधि विधान से पूजन किया। होलिका पूजन के बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से परिक्रमा लगाकर बच्चों और परिवार की मंगलकामना के लिए प्रार्थना की।

धर्म नगरी वृंदावन के प्रमुख होली वाली गली, किशोरपुरा, गोविंदघेरा, गौरा नगर कॉलोनी, गोपीनाथ बाजार, कैलाश नगर, राधा निवास, चैतन्य विहारी, गांधी नगर, रमणरेती सहित कई स्थानों पर होलिका दहन स्थल पर महिलाओं ने होलिका का पूजन–अर्चन किया गया। यह क्रम शाम तक पूजन जारी रहा।

यही हाल बरसाना, गोवर्धन, राधाकुंड, जतीपुरा, आन्यौर, अडींग, सौंख, मगोर्रा, नंदगांव, कोसीकलां, छाता, चौमुहां, छटीकरा, शेरगढ़, फरह, बरारी, महुअन, महावन, गोकुल, बल्देव, राया, सोनई, मांट, नौहझील, सुरीर, बाजना सहित जनपद के गांव-गांव होलिका पूजन महिलाओं ने होली के रसिया गोते हुए किया। होलिका पूजन करके महिलाएं आज बिरज में होली रे रसिया और नेनन में गारी गई, पिचकारी दई मोय आवै अचम्बो मोय आदि पर जमकर नृत्य किया।

देर रात्रि ढोल नगाड़ों की धुनों के मध्य होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित होगा।

# पुलिस वालों की होगी अगले दिन होली

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में होली पर लोगों की सुरक्षा और शांतिव्यवस्था बनाए रखने के बाद पुलिसकर्मी अगले दिन होली का आनंद लेगें।


यूनिक समय, मथुरा। होलिका दहन वाले दिन से लेकर रंग खेले जाने तक पुलिस को इस त्यौहार की खुशियों का अपने को हिस्सा बनाने का मौका नहीं मिलता है। पुलिस अधिकारी हो अथवा कर्मचारी सभी को इस त्योहार पर काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इलाके में कहीं कोई बवाल न हो इसके लिए पूरी तरह से सतर्क रहना पड़ता है। होली पर ड्यूटी करने के दौरान लोगों के बीच जाने वाले पुलिसकर्मियों के वर्दी में होने के बाद कुछ लोग प्रेम के चलते उन्हें गुलाल आदि जरूर लगा देते हैं। पुलिस वाले वर्दी में होने के कारण होली के त्यौहार वाले दिन लोगों के साथ होली का आनंद नहीं ले पाएंगे। होली के अगले दिन पुलिसकर्मी थाने चौकी से लेकर पुलिस लाइन तक में होली खेलते हुए नजर आएंगे। अधिकारी भी इनके साथ होली का आनंद लेगें।

## बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी युवक की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फहर के ओल चौकी क्षेत्र में सरुरपुर के समीप बाइक सवार को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल हुए युवक को अस्पातल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई गांव सांतरुक जिला भरतपुर, राजस्थान निवासी युवक देशराज (24) पुत्र भीमसैन किसी काम से फहर आया था। बताया गया कि वह शनिवार की देर सायं बाइक से फरह से गांव के लिए लौट रहा था। रास्ते में गांव सरुरपुर के समीप किसी वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना में देशराज बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर आए लोगों ने घायल को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग भी आ गए।

















## गृहक्लेश में फांसी लगाकर दी जान

यूनिक समय,मथुरा। थाना यमुनापार के गांव किनारई में एक व्यक्ति ने गृहक्लेश के चलते परेशान होकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।गांव किनारई निवासी टीकम सिंह(55) पुत्र भीम सिंह ने रात को कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों को जब इस बात का पता लगा तो हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में टीकम सिंह की मौत की खबर आस-पास के लोगों को भी लग गई। काफी संख्या में ग्रामीण टीकम सिंह के घर पर मामले की जानकारी करने के लिए पहुंच गए। बताया गया कि पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बात की चर्चा है कि टीकम सिंह ने गृहक्लेश के चलते फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।


# श्रद्धालु सहित दो की ट्रेन से कट कर मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** जय गुरुदेव आश्रम पर लगने वाले मेले में बस्ती से आए एक श्रद्धालु की गोवर्धन में ट्रेन से कट मौत हो गई। एक दूसरी घटना में थाना यमुनापार इलाके में ट्रेन की चपेट में आकर एक और युवक की मौत हो गई। गांव हुडई थाना कप्तान गंज जिला बस्ती निवासी भरत राम यादव जय गुरुदेव मेले में शरीक होने के लिए 23 मार्च को मथुरा आया था। बताया गया कि वह गोवर्धन में परिक्रमा करने के लिए गया था। शनिवार को उसकी ट्रेन से कट जाने के कारण गोवर्धन में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी की तो उसके बारे में पता लगा कि वह जय गुरुदेव मेले में आया हुआ था। पुलिस ने इस बारे में जय गुरुदेव आश्रम को बताया। काफी संख्या में जय गुरुदेव आश्रम से लोग वहां पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों को भी उसके साथ हुई घटना के बारे सूचना दी गई है। इसी तरह शिव नगर कॉलोनी तैयापुर निवासी अरुण कुमार (28) सायं रेलवे लाइन के किनारे जा रहा था। इसी बीच वह तेजगति से आती ट्रेन की चपेट में आ गया। दुर्घटना में घायल हुए युवक की कुछ देर बाद ही मौत हो गई। युवक का शव रेलवे लाइन के किनारे पड़ा देख कर पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।













## किसान नेता अनाथ व दिव्यांग बच्चों के साथ होली मनाई

**यूनिक समय, मथुरा।** आज होली के पावन अवसर पर शहर के किसान नेताओं ने जिलाधिकारी आवास के पीछे स्थित राजकीय बाल शिशु सदन पहुंचकर अनाथ व दिव्यांग बच्चों को पिचकारी, अबीर गुलाल, मिष्ठान, बिस्कुट, सेब, चॉकलेट, अंकल चिप्स बांटे। बच्चों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ किसान नेता दिनेश आनंद पापे, पवन चतुर्वेदी, सुनील चौधरी, राजवीर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि यह बच्चे आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर, जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी बनेंगे। उन्होंने जनपद के सभी पूंजीपतियों, समाजसेवियों से अनुरोध किया कि सभी अपने त्योहार को अनाथ, दिव्यांग व गरीबों में जाकर मनाए। इससे एक अलग खुशी दिल महसूस होगी। इस मौके पर पंडित सार्थक चतुर्वेदी, प्रियंका चौधरी, सोनू आनंद आदि मौजूद थे।







### गिलट आभूषण व्यवसायी समिति का होली मिलन समारोह

# होली के भजनों पर थिरके सदस्य

**यूनिक समय, मथुरा।** गिलट आभूषण व्यवसायी समिति रजि. के तत्वावधान में होली मिलन समारोह चित्रकूट मसानी पर हुआ। सर्वप्रथम भाजपा पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, एम एल सी योगेश नोहवार, समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वालों के द्वारा श्री गिर्राज महाराज की छवि पर पुष्पमाला पहनाकर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।समिति के सभी सदस्य होली के रंग में नजर आ रहे थे राधा कृष्ण व सखी के पात्र होली के गानों की धुनो पर रास कर रहे थे। फाग खेलन बरसाने आये है नटवर नंद किशोर के गानों पर राधा कृष्ण के पात्रों ने समस्त माहौल को होली के रंग में सराबोर कर दिया। जिसके चलते लोग



होली मिलन समारोह में भाजपा के पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग के साथ समिति के सदस्य।

उनके साथ झूमने नाचने लगे। कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली हुई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामरतन चौधरी बीजेपी, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सहमंत्री सुरेन्द्र चौधरी, महामंत्री शंकर अग्रवाल, कार्यक्रम मुख्य संयोजक गुड्डू अग्रवाल, सह संयोजक बालकिशन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, शरद कुमार वसंल, नीरज अग्रवाल, पवन सोनी, लोकेश तायल, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष अग्रवाल, मीडिया प्रभारी आशीश गर्ग, संरक्षक राजकुमार अग्रवाल, शशिकांत, शिवचरन अग्रवाल, महेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### होली पर हुड़दंग करने वालों से निपटने को पुलिस पूरी तरह तैयार

# हंगामा करने वालों पर रहेगी नजर

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर शराब पीकर हुड़ंदंग मचाने वालों से इस बार पुलिस ने सख्ती से निपटने की तैयारियां की हैं। शहर को थानों के हिसाब से सेक्टरों में बांटकर इस तरह हंगामा करने वाले पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही सड़क पर तेजगति से और तीन सवारियां बिठाकर चलने वालों के खिलाफ भी पुलिस सड़क पर कार्रवाई करेगी। एसपी सिटी ने सभी शहर वासियों से होली के त्यौहार को खुशी और सौहार्दपूण माहौल में मनाने का अनुरोध किया है।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने व डीजे पर अश्लील गाना बजाने वालों की खैर नहीं

इस बारे में जानकारी देते हुए एसपी सिटी डॉ.अरविंद कुमार ने बताया कि होली पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए शहर को सेक्टरों में बांट कर हर थाने की पुलिस नजर रखेगी। सड़कों पर शराब पीकर और तीन सवारियों को बिठा कर तेजगति से दोपहिया वाहनों को दौड़ाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस को मौहल्लों में गश्त करने को कहा गया है। इसके साथ ही डीजे बजाने वालों को अश्लील गाने बजाने की अनुमति नहीं है। इस तरह के लोगों पर पुलिस नजर ही नहीं रखेगी बल्कि उनके खिलाफ कार्रवाई भी करेगी। इसके साथ ही पुलिस की टीमें को होली जलने तक अपने-अपने इलाकों में होलिकाओं के आस-पास तैनात किया गया है। एसपी सिटी ने शहरवासियों से अपील की है कि होली के पवित्र त्योहार पर खुशियों के माहोल में त्योहार को मनाए। इसके साथ ही शहर में रहने वाले सभी लोगों से त्योहार पर भाईचारा कायम रखने को भी कहा है।

















# लघु उद्योग भारती ने मनाया होली मिलन समारोह

**यूनिक समय, मथुरा।** लघु उद्योग भारती द्वारा 'होली हैं' कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया। इसका शुभारंभ गणपति स्तुति के साथ किया गया।

लघु उद्योग भारती के होली कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने किया। इसमें जिले के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की। भगवान राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ सदस्यों ने फूलों की होली का आनंद लिया। होली के गीतों के साथ साथ बांके बिहारी और राधा कृष्ण के भजनों की धुनों ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके समापन पर महामंत्री विशाल बंसल एवं सीए संजीव अग्रवाल ने सभी सदस्य एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता योगेश दिवेदी, रालोद नेता अशोक अग्रवाल, तुषार हाथी वाले, संजय जिंदल, मोंटू मित्तल, विवेक हाथी वाले, कपिल अग्रवाल, मंडल सचिव सोनल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अंकित बंसल, विभोर तायल, अनुज लोहे वाले, सुनंद मित्तल, शेखर अग्रवाल श्री ग्रुप, पीयूष चतुर्वेदी, सचिन अग्रवाल इंटीरियर, शोभित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अमित शोरा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


# धूलेंडी के दिन निगम की जलापूर्ति की व्यवस्था तय

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** धूल होली पर्व 25 मार्च को दृष्टिगत जलकल विभाग नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के सभी जोनों में सभी नलकूप एवं जोनल पम्पिंग स्टेशन क्रियाशील रहेंगे और गोकुल बैराज स्थित 25 एम.एल.डी. वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट पूर्ण क्षमता से चलेगा।

निगम के अधिशासी अभियन्ता (जल) राम कैलाश ने बताया कि होली पर्व के दिन 25 मार्च को सभी जोनों में प्रातःकाल 5 से 10 बजे तक सभी नलकूपों से सीधी जलापूर्ति की जायेगी। सभी ओवरहेड टैंकों से दोपहर एक से ढाई बजे तक उच्च दाब पर जलापूर्ति की जायेगी। उन्होंने बताया कि परम्परागत रूप से जिन स्थलों पर पेयजल टैंकर लगाये जाते रहे हैं, उन सभी स्थलों पर पेयजल टैंकर लगाये जायेंगे। सभी जोनों के अभियन्ताओं के मोबाईल फोन 24 घण्टे सक्रिय रहेगें। उन्होंने बताया कि महाप्रबन्धक (जल) अरुणेन्द्र कुमार राजपूत का मो. 8218996341, अधिशासी अभियन्ता (जल) राम कैलाश 8840235987,औरंगाबाद व वृन्दावन जोन के सहायक अभियन्ता (जल) नन्द किशोर मो. 9758755500 , और अवर अभियन्ता (जल) छत्रपाल मो. 9454598549 मथुरा सिटी व भूतेश्वर जोन सहायक अभियन्ता (जल) हेमेन्द्र गौतम मो. 6396570824, अवर अभियन्ता (जल) आशीष कुमार मो. 9415813662 , पानी व सीवर की किसी भी समस्या के लिये नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के कन्ट्रोल रूम नं० 0565–2503632 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## सभी अभियंता रखेंगे नजर, दिक्कत आने पर करेंगे समाधान













## सम्पादकीय

# दागियों को निपटाएं

चिंता यह है कि देश में चुनाव असली मुद्दों से भटकने लगे हैं। हम देख रहे हैं कि चुनावों में जाति–वर्ग–क्षेत्र–भाषा आदि के प्रदूषण को सोशल इंजीनियरिंग के नाम पर कहीं अधिक वरीयता मिलती रही है। हमारे लोकतंत्र ने अलग तरह की करवट बदलनी शुरू कर दी है। जो जनता के द्वारा तो था किन्तु जनता के लिए साबित नहीं हुआ। जनता का भी नहीं रहा। यह लोकतंत्र केवल नेताओं और अफसरों तक ही सिमटकर रह गया। लोकसभा चुनावों का बिगुल बज गया है। फिर चुनाव की बसंती बयार बहने लगी है। देश में जनता द्वारा लोकतंत्र का एक और अनुष्ठान शुरू हो रहा है। अब यक्ष प्रश्न है कि क्या यह सब कुछ जनता का, जनता के लिए ही होगा! क्योंकि 'जनता के लिए' का सामान्य अर्थ सबके अभ्युत्थान से भी है। पिछली सरकारों में जो नेता जनता को दोनों हाथों से लूट रहे थे वे आज लपक–लपककर पार्टी बदल रहे हैं। ज्यादातर तो 'ईडी' के डर से भाग रहे हैं। कुछ चूहे, जहाज के डूबने के डर से भाग रहे हैं। इनके लिए लोकतंत्र, परिवार का पेड़ है। पड़ोसी को छाया भी नहीं मिल सकती। जनता तो देख रही है। इनसे पैसा भी निकलवाना है और इनको लोकतंत्र के सिस्टम से बाहर भी निकालना है। भाजपा ने तो विधानसभा चुनावों में यह कार्य शुरू कर दिया था। रहा–सहा जनता इस बार कर देगी। पिछली लोकसभा की कार्यवाही को प्रधानमंत्री ने श्रेष्ठ बताया। कार्यदिवस भी बढ़े और बोलने वालों की गुणवत्ता भी। जनता को इस बात की बधाई मिलनी चाहिए। देशहित के ऐसे बड़े कानून भी पास हुए, जिन्हें बहुत पहले बन जाना चाहिए था। कश्मीर देश का अभिन्न अंग नहीं लगता था। अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद बाहरी लोगों के लिए भी जम्मू–कश्मीर में संपत्ति खरीदने का मार्ग प्रशस्त हो गया। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू करने की अधिसूचना जारी हो गई है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए विस्थापित वहां के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है। देश में राम मंदिर का विवादित मुद्दा भी हल हो गया। समुदाय विशेष में नारी का सम्मान (तीन तलाक का मुद्दा) सुरक्षित किया गया। देश का दर्शन भी कहता है–'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।' उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाली सरकारें बलात्कार–गैंगरेप–लव जिहाद और हलाला जैसी अपमानजनक परिस्थितियों से देश को मुक्त करेंगी। हम नीतिगत सुधार के दम पर दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था भी बन गए हैं। अब आर्थिक महाशक्ति के रूप में तीसरे पायदान पहुंचने का संकल्प कोई दिवास्वप्न भी नहीं रहा। युवावर्ग इस संकल्प को साकार करने में ब्रह्मास्त्र है। तब आखिरी छोर पर खड़े जन के अभ्युदय को भला कौन रोक सकता है। किंतु क्या राज और तंत्र के समस्त प्रयास ऐसा करने में सफल हो पाएंगे? सत्ता के लिए राजनीतिक दलों में मेल–मिलाप का दौर बन रहा है। गठबंधन की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी बढ़त हासिल करती दिख रही है। केन्द्र में भाजपा को सत्ताच्युत करने के लिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने 'इंडिया' के नाम से जो महागठबंधन बनाया था वह अस्तित्व में आने से पहले ही बिखर गया है। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार अपने दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ मैदान में उतर रही है। वहीं केन्द्र सरकार की नीतियों को लेकर हमलावर विपक्ष भी महंगाई, बेरोजगारी के साथ–साथ संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग जैसे मुद्दे लेकर जनता के बीच जाने की तैयारी में है।



पवन गौतम
संपादक

## नजरिया

# उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के सात चरणों का चक्रव्यूह पार करना नहीं होगा आसान

अजय कुमार

2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरुआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है।

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर पूरे देश मे कौतुहल दिखाई दे रहा है। लोकसभा सीटों के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। त्रिकोणीय मुकाबले में एक तरफ एनडीए के तले मोदी की 'सेना' जीत की हुंकार भर रही है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के अगुवाई में 'इंडिया' गठबंधन ताल ठोक रहा है। दोनों गठबंधनों में बस फर्क इतना है कि जहां एनडीए की ओर से मोदी पुनः प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, वहीं इंडिया गठबंधन में कौन होगा पीएम पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन लगता यही है कि यदि इंडिया गठबंधन के लिये सत्ता की राह बनी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। खैर, अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। कौन होगा अगल प्रधानमंत्री ? यह सात चरणों के मतदान के बाद 04 जून को पता चलेगा, जब वोटों की काउंटिंग होगी। इसी लिये फिलहाल तो सात चरणों के चक्रव्यूह को भेदने के लिये ही सभी पार्टियो मैदान में ताल ठोंक रही हैं। 19 और 26 अप्रैल को प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का मतदान होगा। इन दोनों चरणो में पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर वोटिंग होगी। प्रथम चरण और दूसरे चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्रमशः आठ–आठ सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। 07 मई को भी तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान होगा इसमें भी दस में से पश्चिमी यूपी की चार सीटें शामिल होंगी। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे और 01 जून को सातवें चरण का मतदान होना होगा। शुरू के तीन चरणों में जो राजनैतिक जंग पश्चिमी यूपी से शुरू होगी वह चौथे और पांचवे चरण में रूहेलखंड, अवध की सीटों पर तो छठे और सातवें चरण में पूर्वांचल में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। चार जून को नतीजे आयेंगे।

2024 लोकसभा चुनावों की शुरुआत पश्चिमी यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर से होगा। पहले चरण में चुनाव के लिए आठ सीटों में से, भाजपा ने 2014 के चुनावों में सभी सीटें जीती थीं। 2014 में पार्टी ने अकेले प्रदेश भर में 71 सीटें जीतीं थीं। जबकि एनडीए गठबंधन के पास कुल 73 सीटें थीं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर सपा–रालोद और बसपा गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 में से केवल तीन सीटें जीतीं। ऐसे में सपा और बसपा को पूर्वांचल में कई सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी को पूरे प्रदेश में सिर्फ 62 सीटें मिलीं थीं।

2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरुआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा। केंद्रीय मंत्री संजय बालियान की हैट्रिक कोशिशों की परीक्षा होगी। यह चुनाव तय करेगा कि बीजेपी नेता वरुण गांधी का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। यह चुनाव यह भी तय करेगा कि नखतौर विधायक ओम कुमार संसद में जा सकेंगे या नहीं। यह क्षेत्र किसान और जाट नेता अजीत सिंह के प्रभाव वाला माना जाता है। चाहे आप जीतें या हारें, जीतने वाला पक्ष हमेशा सोचता है कि उसका पलड़ा भारी है। अजीत को अपनी बदनामी की भारी राजनीतिक कीमत भी चुकानी पड़ी। यह चुनाव अजीत सिंह के बिना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से जयंत चौधरी को अजीत का उत्तराधिकारी बनाने की कोशिशें अंत तक जारी रहीं। आख़िरकार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की सत्ताधारी पार्टी की चाल सफल रही। पिछले चुनाव में जयंत जाट दलित मुस्लिम गठबंधन छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। यह चुनाव तय करेगा कि जयंत का फैसला कितना सही है।

2019 का लोकसभा चुनाव में जो सपा,बसपा और रालोद एक गठबंधन का हिस्सा थे,वह बिखर चुके हैं। बसपा अकेली चुनाव लड़ रही है तो रालोद ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस बार पहले चरण की आठ सीटों में से चार पर सपा, तीन पर बसपा और एक पर रालोद को संघर्ष करना पड़ा। बसपा ने अपने हिस्से की तीनों सीटें (सहारनपुर, बिजनौर और नगीना) जीत लीं। सपा ने चार में से दो सीटें (मुरादाबाद और रामपुर) जीतीं। आरएलडी का खाता नहीं खुल सका। बीजेपी ने कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत में सीटें जीती थीं।

बात आजम की चर्चा के बिना पूरी नहीं हो सकती है। प्रथम चरण में ही रामपुर की संसदीय सीट के लिये मुकाबला होना है। 2019 और उसके पहले के चुनाव में कभी समाजवादी पार्टी का मुस्लिम चेहरा माने जाने वाले आजम खान की रामपुर समेत कई सीटों पर जीत तय रहती थी। पिछले पांच वर्षों में कई उतार–चढ़ाव से गुजरने के बाद, आजम खान को जेल हुई, दोषी पाया गया और विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। उपचुनाव हुआ जिसमें बीजेपी के घनश्याम लोधी सांसद बने। इस बार भी रामपुर में जेल में बंद आजम के कहने पर ही सपा चल रही है, अब नतीजे बतायेंगे क्या आजम अभी भी यहां ताकतवर हैं या फिर आजम को वोटर साइड लाइन कर चुके हैं। पहले चरण में ही बिजनौर में भी चुनाव होगा। एसपी–बीएसपी–आरएलडी गठबंधन में 2019 में बिजनौर की एक सीट बीएसपी के खाते में थी और उसके उम्मीदवार मुल्क नागर ने चुनाव जीता था। इस बार अपने चुनाव प्रचार को तेज करने के लिए रालोद ने चंदन चौहान और सपा ने यशवीर सिंह को मैदान में उतारा है। इस बार 2019 में तीनों मित्र दलों के उम्मीदवार अलग–अलग एक–दूसरे से मुकाबला करेंगे।

पश्चिमी यूपी की एक और चर्चित सीट मुजफ्फरनगर भी सुखियों में है। यहां भी 19 अप्रैल को मतदान होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और आरएलडी प्रमुख अजीत सिंह एक–दूसरे पर नजरें गड़ाए हुए थे। बालियान लगातार दूसरी बार जीते। अजीत सिंह अब नहीं रहे और बदली हुई परिस्थितियों में आरएलडी और बीजेपी एक साथ हैं। ऐसे में रालोद भी इस बार बलियान में अपनी ताकत लगाएगी। सपा ने पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को अपना उम्मीदवार बनाया है।

पिछले चुनाव में बसपा ने महागठबंधन के जरिए सहारनपुर सीट जीती थी। बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखनपाल को हराकर चुनाव जीता। इस बार सपा–कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई हैं। इसी प्रकार से कैराना की सीट भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यहां से कभी बीजेपी के दिग्गज नेता हुकुम सिंह चुनाव लड़ा करते थे। उनकी मौत के बाद 2019 के चुनाव में बीजेपी के प्रदीप कुमार चौधरी ने एसपी की तबस्सुम बेगम को हराकर जीत हासिल की। इस चुनाव में सपा ने पूर्व सांसद मनूर हसन की बेटी इकरा हसन और तबसेम बेगम को अपना उम्मीदवार बनाया है। इकरा के छोटे भाई नाहिद हसन विधायक हैं। इसी तरह से नगीना संसदीय सीट पर पिछले चुनाव में बसपा के गिरीश चंद्र ने महागठबंधन से जीत हासिल की और सांसद बने। इस बार एसपी ने रिटायर जज मनोज कुमार को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी ने नहटूर से विधायक ओम कुमार को मैदान में उतारा है। इस बार दोनों पार्टियों के नए उम्मीदवार एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। पीतलनगरी मुरादाबाद में सपा के हसन ने बीजेपी के कंवर सोरौश कुमार को हराकर चुनाव जीता। एसपी–कांग्रेस गठबंधन में यह सीट एसपी के हिस्से में है और बीजेपी–आरएलडी गठबंधन में यह सीट बीजेपी के हिस्से में है। यहां समाजवादी पार्टी को हराना बीजेपी के लिये आसान नहीं होगा। प्रथम चरण की एक और पीलीभीत लोकसभा सीट से पिछला चुनाव बीजेपी के वरुण गांधी ने जीता था, लेकिन कुछ दिनों बाद उनका रवैया बदल गया। अक्सर देखा गया कि वे सरकार को खुद को कटघरे में खड़ा करके सवाल उठाते थे। अबकी बार से यहां लड़ाई काफी रोचक होती दिख रही है।



# अंतर्द्वंद्व

(अध्याय –4)

खुशबू आचार्य

अब गाड़ी एक बड़े से बंग्ले के आगे आकर रुकी। उस घर को देखकर स्वाधीनता की आँखें नम हो गई थी क्योंकि ये वही घर था जहाँ वर्ष भर पूर्व जोर शोर से गृह प्रवेश हुआ था आज वहीं रस्सी से कैदी की तरह बंधी चली आ रही थी। यह सारी घटना दीवार के पीछे से मुस्कान देख रही थी और शायद मौके की तलाश में थी कि स्वाधीनता को किसी तरह बचा सके। मुस्कान स्वाधीनता की पहचान की एक लड़की थी जिसके बचपन में ही पिता के गुजर जाने के बाद स्वाधीनता के दादा जी ने उसके परिवार की हर तरह से काफी सहयता की थी दादा जी के बाद स्वाधीनता भी समय समय पर उनका हालचाल लेती रहती थी। आखिर उसका इन्तजार खत्म हुआ और उनमें से एक गाड़ी से निकलकर थोड़ा आगे बढ़ते ही पत्थर से टकराकर मुँह के बल गिर गया। उसके सिर में से खून निकलता देख सभी लोग उसे उठाने के लिए गाड़ी से निकल आये तभी मुस्कान ने वहाँ आकर स्वाधीनता के हाथ खोल दिये और वो दोनों बिना देरी किये वहाँ से निकल गयी। मुस्कान के मन में बहुत सारे सवालों का तूफान सा आया हुआ था लेकिन उसकी पहली प्राथमिकता स्वाधीनता को फिलहाल सुरक्षित स्थान पर पहुँचाना था। बहुत सोच विचार के बाद वो फिलहाल अपने पी जी में ले गयी। वहीं पास में उसका महाविद्यालय था उसके पास ही वो पी जी में रहती थी। वहाँ पहुँच कर पहले उसने स्वाधीनता को बिठाया और पानी दिया क्योंकि वे बेहद घबरायी हुई थी। स्वाधीनता उसे धन्यवाद कहने ही वाली थी उसे रोकते हुए और उसकी पीठ सहलाते हुए कहा–धन्यवाद कहने की तो बिल्कुल मत सोचना धरती पर इंसान इंसान की मदद करने ही तो आया है और अगर वो भी नही कर सकता कोई, तो लालत है उसके इंसान होने पर यही कहते थे न दादा जी और फिर आप। दीदी चलो छोड़ो इस बात को अब पहले कुछ खा लो कितनी थकी और कमजोर लग रही हो। मुस्कान ने स्वाधीनता को बड़े प्रेम से खाना खिलाया और उसे आराम करने के लिए छोड़कर कमरे से बाहर निकल गयी। स्वाधीनता भी कई दिनों से भटक रही थी इसलिए बहुत थकी हुई थी बिस्तर पर लेटते ही उसे नींद आ गयी। उसे सोते हुए कुछ ही समय हुआ था कि मुस्कान के घर का दरबाजा जोर जोर से कोई खटका रहा है तभी मुस्कान कमरे में आयी और उससे कहा दीदी चाहे कुछ भी हो जाये आपको मेरी कसम है इस कमरे से बाहर मत आना और कमरे को अन्दर से बन्द कर लो। ये कहकर बाहर दरवाजे की ओर गई और दरवाजा खुलते ही गोली की आवाज और मुस्कान की चीख सुनाई दी। अब स्वाधीनता की नींद खुली चारों तरफ नजर घुमायी तो देखा की ये सपना था। घबराहट की वजह से वो पसीने से पूरी तरह से भीग चुकी थी उसकी धड़कनो की गति बहुत तेज थी।

थोड़ी देर शान्त रही पानी पिया और अपने आप को संभाला। अब स्वाधीनता ने सोचा– नहीं ये सपना मैं कभी सच नहीं होने दूँगी। मुस्कान ने मेरी बहुत मदद की है लेकिन मैं अपने आप को बचाने के लिए एक माँ से उसके बुढ़ापे का सहारा नहीं छीन सकती। नही नही नहीं! जाना ही होगा मुझे यहाँ से चाहे बाहर जाते ही मैं फिर पकड़ी क्यों न जाऊँ। लेकिन वो जानती थी मुस्कान उसे जाने नहीं देगी तो उसने छुपकर वहा से जाने का निर्णय किया। रात हो चुकी थी मुस्कान सो चुकी थी स्वाधीनता ने बिना किसी आहट के दरबाजा खोला दरवाजे के बाहर कदम ही रखा था कि मुस्कान बोली – दीदी इतना भी भरोसा नहीं है मुझ पर। जो बिना बताए जा रही हो। नही ऐसी बात नहीं है, इस सब में बहुत खतरा हैं और मैं तुम्हे खतरे में नहीं डाल सकती ये कहते हुए स्वाधीनता जाने लगी। दादा जी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया आज में जो भी हूँ वो दादा जी की वजह से, मैं हमेशा से उनके जैसा बनना चाहती थी उनके लिए बहुत कुछ करना चाहती थी अब वो मौका मुझे मिला है इसे मुझसे मत छीनो ये कहते कहते मुस्कान की आँखें छलक गयी। स्वाधीनता ने उसे चुप कराते हुए कहा– रो मत मुस्कान मैं कही नहीं जा रही लेकिन वादा कर जब कभी तुझे लगेगा की खतरा बढ़ गया है तेरे लिए, तू बिना देरी के मुझे छोड़के चली जायेगी। मुस्कान ने दबी आवाज में कहा– लेकिन दीदी। लेकिन वेकिन कुछ नहीं वादा कर वरना मैं चली स्वाधीनता ने कठोर आवाज में कहा। मुस्कान मान गयी– ठीक है मैं वादा करती हूँ अपने आप को खतरे में नहीं पड़ने दूँगी। लेकिन क्या मैं जान सकती हूँ जिस खतरे के बारे में हम बात कर रहे है वो खतरा आपको और आपके बच्चे को किससे है आपके पति कहाँ है क्या वो भी खतरे में हैं वो लोग कौन थे वो किसका घर था आपने अब तक अपने घर में कुछ क्यों नहीं बताया। सवालों का ये ढ़ेर देख कर स्वाधीनता कुछ पल के लिए खामोश हो गयी और फिर कहने लगी नहीं मुस्कान तेरे लिए सच जानना ठीक नहीं है। मुस्कान– दीदी अब इस सब में मैं भी जुड़ी तो मुझे भी पता होना चाहिए कि कौन हमारा दुश्मन है और कौन दोस्त। और सबसे पहले तो हमें जीजू का पता लगाना होगा वही इस सबसे हमें निकाल सकते है बताइए न कहा है जीजू, कैसे है, उनसे सम्पर्क कैसे करूँ, आपके बारे मैं कैसे बताऊँ। ये सब सुनकर आँखों से आँसूओं की धारा रोके नहीं रुक रही थी वो झुंझलाते हुए मुस्कान से बोली– मुस्कान बस बहुत हो गया। किसकी बात कर रही है संजीव की, कौन बचाएगा हमें संजीव। तू जानती है जिस घर के बाहर वो गाड़ी रुकी वो घर किसका था। मुस्कान ने दुविधा भरी आवाज में पूछा– किसका। उसने हताशा के साथ व्यंगरूपी मुस्कान के साथ हंसते हुए कहा– मेरा ! मेरा ससुराल है वो।

**आखिर क्यों स्वाधीनता के जानी दुश्मन बने उसके ही ससुराल वाले क्या संजीव भी उसकी जान लेना चाहता है या खुद किसी खतरे में है? जानने के लिए पढ़ते रहिए यूनिक समय के साथ अंतर्द्वंद्व**

### बदायूं हत्याकांडः मेरे बच्चों को क्यों मारा गया

# नाराज पिता ने की आत्महत्या की कोशिश

**यूनिक समय, बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में दो बच्चों की निर्मम हत्या की वजह का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। इससे नाराज मृतक नाबालिग बच्चों के पिता विनोद कुमार ने आत्मदाह की कोशिश की। आत्महत्या की कोशिश कर रहे विनोद कुमार को पुलिस ने समय रहते बचा लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विनोद कुमार ने कहा कि वह परेशान हैं, क्योंकि पुलिस उनके बेटों की हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने में नाकाम रही है।



उन्होंने कहा, "मुझे आरोपी के एनकाउंटर या दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी से कोई मतलब नहीं है। मैं बस यह जानना चाहता हूं कि मेरे बच्चों को क्यों मारा गया?" पुलिस विनोद कुमार को समझाने की कोशिश कर रही है। बता दें कि 19 मार्च को साजिद ने विनोद कुमार के दो नाबालिग बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी साजिद को मंगलवार को घटना के दो घंटे के भीतर एनकाउंटर में मार गिराया था। वहीं, पुलिस साजिद के भाई जावेद को गुरुवार को बरेली से गिरफ्तार किया। वह बदायूं दोहरे हत्याकांड का दूसरा आरोपी है। साजिद ने हाल ही में इलाके में नाई की दुकान खोली थी। उसने तीन भाइयों आयुष (12), हनी (8) और पीयूष (10) पर चाकू से हमला किया। हमले में आयुष और अहान की मौत हो गई, जबकि पीयूष को गंभीर घावों के साथ अस्पताल ले जाया गया।

ताजा खबरें जो आप तक पहुंचे
यूनिक समय NEWS
ताजा खबरें पढ़ने के लिए
QR कोड को मोबाइल फोन से स्कैन करें और एप डाउनलोड करें
यूनिक समाचार पत्र पढ़ते रहिए
देश दुनिया की खबरें लेते रहिए

### होली पर रेलवे ने दी चेतावनी

# ट्रेनों में न फेंके पत्थर, गुब्बारे और कीचड़

**यूनिक समय, लखनऊ।** होली को लेकर रेलवे ने भी अलर्ट जारी किया है। रेलवे ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ट्रेन में रंग से भरे गुब्बारे, कीचड़ या पत्थर ना फेंके। ऐसा करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

होली के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने आमजन से ट्रेनों पर कीचड़, पत्थर, गुब्बारे आदि नहीं फेंकने की अपील की है। चेतावनी दी है कि ऐसा करते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों से भी रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में रंग नहीं खेलने की अपील की गई है। रेलवे ने अलर्ट जारी कर यात्रियों को आवश्यकता पर 139 हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह दी है।

होली पर किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकारी अस्पतालों व संस्थानों में 200 बेड रिजर्व किए गए हैं। इमरजेंसी में डॉक्टर व स्टॉफ की ड्यूटी तय कर जरूरी दवाओं की व्यवस्था कर दी गई है। सरकारी एंबुलेंस को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया होली त्योहार को लेकर एसएसबी ब्लॉक के प्रथम तल में 50 बेड आरक्षित किए गए हैं। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि हर विभाग से एक-एक चिकित्सक इमरजेंसी ओपीडी में मौजूद रहे। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि 25 से अधिक इमरजेंसी में बेड रिजर्व हैं। केजीएमयू ट्रॉमा प्रभारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया ट्रॉमा सेंटर में 40 से ज्यादा बेड रिजर्व रहेंगे। लोहिया संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह के मुताबिक 20 से अधिक बेड आरक्षित हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि सीएचसी में रविवार- सोमवार को ओपीडी का संचालन नहीं होगा। इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे चलेंगी। सीएचसी-पीएचसी में जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

# मायावती की पहली लिस्ट में सात मुस्लिम उम्मीदवार

**यूनिक समय, लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा ने अपनी पहली लिस्ट को जारी कर दिया है। इस लिस्ट में कुल 16 उम्मीदवार हैं, जिसमें से 7 उम्मीदवार मुस्लिम हैं। माना जा रहा है कि ये 7 मुस्लिम उम्मीदवार उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के दलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सहारनपुर से माजिद अली, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खां, सम्भल से शौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, आंवला से आबिद अली और पीलीभीत से पार्टी ने अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को चुनावी मैदान में उतारा है।

बता दें कि रामपुर में 50 फीसदी से अधिक आबादी मुस्लिम है। मुरादाबाद में 47.12, संभल में 45 फीसदी, सहारनपुर में 42 फीसदी, अमरोहा में करीब 38 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। वहीं अन्य 2 जिलों में भी मुस्लिम आबादी अच्छी संख्या में है। इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस ने सहारनपुर से इमरान मसूद को उतारा है। मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी ने एसटी हसन को अपना उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने रामपुर से उम्मीदवार का नाम अब तक ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि माना जा रहा है कि सपा की तरफ से इस सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार को ही उतारा जाएगा। संभल से समाजवादी पार्टी ने जिया उर रहमान वर्क को उतारा है। अमरोहा से कांग्रेस ने दानिश अली को अपना उम्मीदवार बनाया है। पीलीभीत से समाजवादी पार्टी ने भगवत सिंह गंगवार को उतारा है।

बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम वोट के साथ दलित और जाट वोट है, लेकिन यादव वोट नहीं है। जयंत चौधरी एनडीए गठबंधन के साथ हैं। ऐसे में अखिलेश यादव और कांग्रेस की निगाहें मुस्लिम वोटरों पर है। लेकिन मायावती द्वारा 7 मुस्लिम उम्मीदवारों को उतारे जाने के बाद इस बात का खतरा बढ़ गया है कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों यानी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को इन सीटों पर नुकसान झेलना पड़ सकता है।

# अलीगढ़ में मस्जिदों को तिरपाल से ढका गया

**यूनिक समय, अलीगढ़।** होली के अवसर पर रंग-गुलाल से बचाने के लिए अलीगढ़ प्रशासन ने एहतियातन मस्जिदों को ढकने का फैसला लिया है। रंग और गुलाल डाले जाने से बचाने के लिए शहर के कम से कम दो मस्जिद को एहतियातन तिरपाल से ढक दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अभय पांडेय ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में सब्जी मंडी स्थित हलवाईयान मस्जिद और दिल्ली गेट स्थित एक अन्य मस्जिद सहित कम से कम दो मस्जिद को तिरपाल से ढक दिया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति होली के दौरान उन पर रंग न फेंक सके। उन्होंने बताया कि होली को लेकर जिले के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया है और पुराने शहर के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। पांडेय ने बताया कि होली की पूर्व संध्या पर शांति बनाए रखने के लिए शहर में कानून-व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। एक तरफ होली तो दूसरी तरफ रमजान को लेकर पूरे प्रदेश में तैयारियां जोरो पर हैं। इस बीच पुलिस ने भी संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए होली में किसी तरह की अप्रिय घटना न घटे इस बात को ध्यान में रखते हुए और होली के त्योहार में शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए अलीगढ़ शहर के अति संवेदनशील क्षेत्रों की शाही मस्जिदों को तिरपाल से ढकने का निर्देश जारी किया है जिसके बाद इन मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया गया है।

मस्जिदों को ढकने के साथ इनके आसपास भारी मात्रा में पुलिस बल व पीएसी को तैनात किया गया है जो कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। तिरपाल से इन मस्जिदों को ढकने का कारण इतना है कि होली का रंग मस्जिदों पर न जाए जिससे कि उस क्षेत्र में तनाव का माहौल ना बने और लोग त्योहार खुशी से मना सकें। बता दें कि होली को लेकर मस्जिदों पर रंग ना पड़े इससे जिला प्रशासन की तरफ से हर वर्ष इन मस्जिदों को तिरपाल से ढकवा दिया जाता है।

### अमेठी की घोषणा न होने से बढ़ा संशय

# कार्यकर्ताओं ने साधा प्रियंका से संपर्क

**यूनिक समय, लखनऊ।** कांग्रेस की शनिवार शाम जारी हुई सूची में रायबरेली और अमेठी का नाम नहीं है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में निराशा है। बीते दिनों पार्टी पदाधिकारी इस बारे में प्रियंका गांधी से मिल चुके हैं।

कांग्रेस की ओर से जारी चौथी सूची में भी चर्चित अमेठी सीट से प्रत्याशी घोषित नहीं होने पर कांग्रेसियों एवं समर्थकों को मायूसी मिली है। अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर अभी संशय बरकरार है। कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता लगातार राहुल और प्रियंका गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे है।



कांग्रेस पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक चार सूची जारी कर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। जारी चौथी सूची में भी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सबसे हॉट व कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली सीट अमेठी से कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई। ऐसे में पक्ष विपक्ष एवं समर्थकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। सभी की निगाहें कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा पर लगी हुई हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी पहली सूची में ही राहुल गांधी को वायनाड से प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है। जबकि राहुल गांधी अमेठी सीट से लगातार वर्ष 2004, 2009 और 2014 सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2019 उन्होंने पहली बार अमेठी के साथ वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था, पहली बार दो सीटों से चुनाव लड़े राहुल गांधी को अमेठी में हार तो वायनाड से जीत मिली। कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को अमेठी सीट से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं।

इसके साथ ही पोस्टर बैनर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं। बीते दिनों कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, धर्मेंद्र शुक्ल, शुभम सिंह, संजय पाठक सहित तमाम नेता इस संबंध में दिल्ली पहुंचकर अमेठी से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की मांग की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई बड़े नेताओं ने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का दावा भी किया है। लेकिन अब तक राहुल गांधी सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की ओर से इस संबंध में हुई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। जारी चौथी सूची के बाद कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समर्थकों में मायूसी छाई है। फिर भी अभी उम्मीद संबंधी हुई है कि अमेठी रायबरेली से गांधी परिवार का सदस्य चुनाव लड़ेगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की ओर से प्रदेश के 16 संसदीय क्षेत्रों में प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए पहली सूची जारी की है। बसपा नेताओं और समर्थकों में उम्मीद थी कि पहली सूची में अमेठी सीट से प्रत्याशी की घोषणा हो जाएगी लेकिन अमेठी लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई। ऐसे में कार्यकर्ताओं और समर्थकों को अब अन्य सूची जारी होने का इंतजार करना पड़ेगा।

# रेलवे के टावर वैगन की चपेट में आकर छात्र की मौत

**यूनिक समय, मैनपुरी।** मैनपुरी में रेलवे के टावर वैगन की चपेट में आकर छात्र की मौत हो गई। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर एकत्र ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे।

उत्तर प्रदेश के भोगांव थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर काम चल रहा है। इसका निरीक्षण करने वाले टावर वैगन (रेलवे का स्वचलित वाहन) की चपेट में आकर एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिछवां थाना क्षेत्र के बदनपुर गांव निवासी अध्यापक धर्मेंद्र कुमार भोगांव में नई तहसील के निकट मकान बनाकर उसी में परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार को वह सपरिवार गांव जाने के लिए तैयार हुए तो उनका 20 वर्षीय पुत्र अनुराग उनके साथ गांव जाने को राजी नहीं हुआ। वह घर पर ही रुक गया।

अनुराग ने इसी सत्र में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दी थी। रविवार को सुबह लगभग 10.30 बजे वह घर से निकलकर पास के गांव नगला खरा के निकट रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। उसी समय रेलवे के टावर वैगन के आ जाने से वह उसकी चपेट में आ गया।

इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। अनुराग का शव देख परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।

UNICOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL +91 9837115157
E-MAIL Send Advertisement Details to: informunicom@gmail.com
PAY Online through- PAYTM

## दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# तीन करोड़ का हवाला लेन-देन पकड़ा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली कैंट इलाके से चार लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास से पुलिस ने तीन करोड़ रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, ये पैसा शाहदरा के एक स्क्रैप डीलर का है। हिरासत में लिए गए तीनों शख्स इसी स्क्रैप डीलर के लिए काम करते हैं। पैसा गुरुग्राम से लेकर आए थे और करोल बाग में किसी को डिलीवर करना था। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सौंप दिया है। अब आईटी इस मामले की जांच कर रहा है कि पैसा किस से लेकर आए थे और करोल बाग में किसे देना था। क्ळ ये भी जांच कर रही है कि कहीं इस पैसे का इस्तेमाल इलेक्शन में तो नहीं होना था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि दिल्ली कैंट थाना के बीट स्टाफ ने चार लोगों को उनके दोपहिया वाहनों और दो काले बैगों के साथ झरेरा फ्लाईओवर, एनएच-48 से पकड़ा गया। उनके कब्जे से तीन करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई है। प्रारंभिक तौर पर हवाला का पैसा होने का संदेह है, लेकिन जांच शुरू कर दी गई है। पकड़े गए लोगों में

### चार आरोपी गिरफ्तार

मोहम्मद शोमीन, जिशान, दानिश और संतोष शामिल हैं। पूछताछ करने पर इन्होंने बरामद रकम को किसी मो. वकील मलिक का हवाला का पैसा बताया, जो शाहदरा में स्क्रैप डीलर के रूप में काम करता है। चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों, चुनाव फ्लाइंग स्क्वाड टीम, दिल्ली कैंट और आयकर अधिकारियों को दे दी गई। पकड़े गए लोगों और उनके फोन को उपरोक्त अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## वांटेड गैंगस्टर को चीन से वापस लाया गया

# मुंबई पुलिस ने प्रसाद पुजारी को किया गिरफ्तार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को शुक्रवार-शनिवार के दरमियानी रात मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गैंगस्टर प्रसाद पुजारी हत्या, जबरन वसूली और अपहरण सहित कई गंभीर मामलों में लंबे समय से वांटेड था। गैंगस्टर पुजारी को चीन से निर्वासन के बाद भारत वापस लाया गया था, जहां उसे पुलिस ने एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि गैंगस्टर पुजारी उर्फ सुभाष विट्ठल पुजारी उर्फ सिद्धार्थ शेट्टी उर्फ सिद्धू उर्फ सिद्ध उर्फ जॉनी गैंगस्टर कुमार पिल्लई और छोटा राजन के गिरोह का पूर्व सदस्य है।

अधिकारी ने बताया कि गैंगस्टर पुजारी चीन में रह रहा था और पिछले साल उसे वहीं गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच उसे लगातार देश वापस लाने की कोशिश कर रही थी। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि पुजारी मुंबई में कथित तौर पर गोलीबारी, जबरन वसूली और हत्या सहित 8 गंभीर मामलों में वांटेड है। वह विक्रोली के टैगोर नगर का निवासी है और सालों पहले विदेश भाग गया था। उन्होंने बताया कि वह कथित तौर पर पूर्वी मुंबई में बिल्डर और व्यापारियों को निशाना बनाता था।

अधिकारी ने बताया कि पुजारी का नाम दिसंबर 2019 में विक्रोली इलाके में रहने वाले शिवसेना कार्यकर्ता चंद्रकांत जाधव पर गोलीबारी के मामले में भी आया था। उसे फरवरी 2023 में हांगकांग में अधिकारियों ने पकड़ा था। अधिकारी ने बताया, "इंटरपोल की गुप्त सूचना के आधार पर पुजारी को फर्जी पासपोर्ट के आरोप में पिछले साल मार्च में हांगकांग में गिरफ्तार किया गया था। उसे तब पकड़ा गया जब वह हांगकांग से शेनझेन (चीन का शहर) के विमान में सवार होने की तैयारी कर रहा था। पुजारी ने एक चीनी नागरिक से शादी की है, गिरफ्तारी के समय अपनी पत्नी और बच्चे के साथ शेनझेन में रह रहा था।''

अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 2020 में पुजारी की मां इंदिरा विट्ठल पुजारी को विक्रोली के एक बिल्डर से जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया था। एक डेवलपर से कथित तौर पर 10 लाख रुपये की उगाही करने के आरोप में इंदिरा के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत यह कार्रवाई की गई थी। उन्होंने बताया कि पुजारी अंतरराष्ट्रीय फोन नंबर से व्यवसायियों और जाने-माने लोगों को वसूली के लिए कॉल करता था और कुछ प्रमुख फिल्म निर्देशकों, निर्माताओं और बॉलीवुड अभिनेताओं को जान से मारने की दी थी।

पुजारी का गिरोह मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई इलाकों में बहुत सक्रिय है। अधिकारी ने बताया कि चीन से निर्वासित कराने के बाद शुक्रवार देर रात करीब एक बजे उसे भारत लाया गया। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने विक्रोली पुलिस थाना में उसके खिलाफ 307 (हत्या का प्रयास), 120-बी (साजिश) और मकोका सहित सुसंगत धाराओं के तहत दर्ज मामलों में से एक में उसे गिरफ्तार किया। अपराध शाखा की रंगदारी रोधी प्रकोष्ठ (एईसी) ने उसे अपनी हिरासत में लिया है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद फिर चली आप रामलीला मैदान में




### इंडिया गठबंधन के साथ 31 मार्च को महारैली

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी एक बार फिर से दिल्ली के उसी ऐतिहासिक मैदान जाने की तैयारी में है जहां से करीब डेढ़ दशक पहले पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल का उदय हुआ था। दरअसल, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन "देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा" के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करेगा। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले के संबंध में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल (55) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद आप ने ये घोषणा की है।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस ('इंडिया') के घटक 'आप' और कांग्रेस ने एक प्रेस वार्ता में इस रैली का ऐलान किया है। आप की दिल्ली यूनिट के संयोजक गोपाल राय ने कहा, "देश में जो हो रहा है उसके खिलाफ हम 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली करेंगे। इस रैली में 'इंडिया' गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा।" राय ने कहा, "लोकतंत्र और देश खतरे में है। देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 'इंडिया' गठबंधन में शामिल सभी दल यह महारैली करेंगे।"

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को समान अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के खातों को 'फ्रीज' (लेनदेन पर रोक) किए जाने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर प्रकाश डाला। लवली ने कहा, "31 मार्च की महारैली न सिर्फ एक राजनीतिक रैली होगी बल्कि देश के लोकतंत्र को बचाने और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने का भी आह्वान करेगी।"

वहीं इससे पहले खबर आई कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भविष्य की रणनीति बनाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों और पार्षदों समेत पार्टी नेता रविवार को बैठक करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता 'आप' नेता और राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक करेंगे। एक सूत्र ने कहा, ''पार्टी प्रमुख की गिरफ्तारी के बाद यह पहली बड़ी बैठक है। इसमें पार्टी की भविष्य की रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है।''

गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गुरुवार को उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार किया था। इसके बाद दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक को शुक्रवार को 28 मार्च तक केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया।

# पूर्व वायुसेना चीफ आरकेएस भदौरिया बीजेपी में शामिल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पूर्व वायुसेना चीफ आरकेएस भदौरिया बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्हें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की उपस्थिति में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। खबर है कि बीजेपी उन्हें यूपी के गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बना सकती है।

बता दें कि आरकेएस भदौरिया 30 सितंबर 2019 से 30 सितंबर 2021 तक वायुसेना प्रमुख के पद पर रहे। वह देश के 23वें वायुसेना प्रमुख थे। भदौरिया मूल रूप से आगरा जिले की बाह तहसील के रहने वाले हैं। इनके साथ ही वाईएसआर कांग्रेस के नेता वारा प्रसाद राव(रिटायर्ड आईएएस) भी बीजेपी में शामिल हुए। बीजेपी आज लोकसभा चुनावों के लिए अपने कैंडीडेट्स की पांचवी लिस्ट आज जारी कर सकती है। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी मिली है कि वरुण गांधी, संघमित्रा मौर्य और वीके सिंह की टिकट कट सकती है। वहीं मेनका गांधी को सुल्तानपुर से दोबारा चुनावी मैदान में उतारने की संभावना है। वहीं संभलपुर से धर्मेंद्र प्रधान, पुरी से संबित पात्रा और भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी को टिकट संभव है। दो सिटिंग सांसदों विशेश्वर टुडू और प्रताप सारंगी के टिकट कट सकते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो चुका है। ऐसे में शनिवार को बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक 3 घंटे तक चली। इस बैठक में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत सीईसी के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान राज्यों के संभावित उम्मीदवारों की सूची पर चर्चा हुई।

# ब्रिटेन के शाही परिवार के लिए सच हो रही नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी!

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भविष्यवक्ताओं की बात हो और नास्त्रेदमस का नाम जुबान पर न आए, ये संभव नहीं है। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय, हिरोशिमा में परमाणु बम से हमला और नेपोलियन के उदय जैसी घटनाओं सी सही भविष्यवाणी करने वाले नास्त्रेदमस की एक और भविष्यवाणी सही साबित होती दिख रही है। दरअसल, 15वीं सदी के इस भविष्यवक्ता ने ब्रिटेन के शाही परिवार के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई थी। बता दें कि इस समय प्रिंसेज केड मिडलटन कैंसर से पीड़ित हो गई हैं। वहीं, किंग चार्ल्स भी कैंसर से जूझ रहे हैं। नास्त्रेदमस ने भविष्यवाणी की थी कि साल 2024 ब्रिटेन के शाही परिवार



के लिए अच्छा नहीं रहेगा। अब ऐसा ही होता दिख भी रहा है। सदियों पहले उन्होंने अपनी क्रिप्टिक शैली में भविष्यवाणी की थी कि किसी राजा को अपना पद छोड़ना पड़ सकता है और एक अप्रत्याशित उत्तराधिकारी सामने आ सकता है। नास्त्रेदमस की इस बात को किंग चार्ल्स और प्रिंस हैरी से जोड़कर देखा जा रहा है। किंग चार्ल्स की तबीयत खराब है, वह प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। किसी अनहोनी की स्थिति में प्रिंस चार्ल्स ब्रिटेन के राजा बन सकते हैं।

ब्रिटेन को लेकर नास्त्रेदमस ने कहा था कि राजा को बलपूर्वक पद से हटा दिया जाएगा और ऐसा व्यक्ति राजा बनेगा जिसे लेकर ऐसी कोई उम्मीद नहीं होगी। किंग चार्ल्स को कैंसर होने का पता तब चला था जब वह अपने प्रोस्टेट का इलाज करवा रहे थे। जानकारों का मानना है कि स्वास्थ्य को देखते हुए इस बात की संभावना है कि किंग चार्ल्स अपना सिंहासन छोड़ दें। यह फैसला वह खुद की मर्जी से या फिर उनके स्वास्थ्य की वजह से बन रहे दबाव में ले सकते हैं। लेकिन, सबसे बड़ा सवाल प्रिंस हैरी को लेकर है जिन्होंने अभी तक राज-पाट संभालने में कोई रुचि नहीं दिखाई है।

इसके अलावा 'आधुनिक समय के नास्त्रेदमस' कहे जाने वाले एथोस सलोम की केट मिडलटन को लेकर की गई भविष्यवाणी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। प्रिंसेस ऑफ वेल्स मिडलटन ने हाल ही में बताया था कि वह कैंसर का सामना कर रही हैं और इसके लिए उनका इलाज चल रहा है। ब्राजील के रहने वाले 36 साल के सलोम का दावा है कि वह कोरोना वायरस महामारी और एलन मस्क द्वारा ट्विटर को खरीदने जैसी घटनाओं के बारे में पहले ही बता चुके थे। सलोम के मुताबिक मिडलटन आने वाले समय में हड्डी, घुटने और जॉइंट की समस्याओं का सामना करेंगी।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो. 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053